# जयपुर में तीन नई आवासीय योजना लाएगी सरकार

## अनुपयोगी बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को भी हटाए जाने की भी घोषणा

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट में जयपुर के लिए कई घोषणाएं की। इसमें जयपुर शहर की स्थापना के 300 साल पूरे होने पर गोविंददेवजी कला महोत्सव के तहत सालभर कार्यक्रम का आयोजन करवाने की घोषणा की। इसके लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। इसके साथ तीन नई आवासीय योजना लाई जएंगी।

- जगतपुरा, वैशाली नगर में मेट्रो चलाने की योजना, गोविंददेवजी मंदिर में सालभर होंगे कार्यक्रम

इसके अलावा जयपुर शहर और आसपास के कस्बों में बढ़ते ट्रैफिक जाम की परेशानी को दूर करने के लिए कई जगह बाइपास, फ्लाइओवर और एलिवेटेड रोड बनाने की घोषणा की। जयपुर शहर में मेट्रो के फेज-2 सीतापुरा से अम्बाबाड़ी तक प्रस्तावित रूट को केन्द्र सरकार के सहयोग से शुरू करवाने की बात कही।

साथ ही उन्होंने जगतपुरा, वैशाली नगर के एरिया में मेट्रो चलाने के संबंध में सर्वे करवाने की भी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने अनुपयोगी बीआरटीएस कॉरिडोर को भी हटाए जाने की घोषणा की।

बुजुर्ग अवस्था में होने वाली बीमारियों के इलाज, ट्रेनिंग और रिसर्च के लिए एक इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी। जो आरयूएचएस को अपग्रेड करके बनाए जाने वाले रिम्स के अधीन होगा। वर्तमान में जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में जिरियाट्रिक मेडिसिन वार्ड संचालित है।

जयपुर के बीलवाड़ी से ढोढसर वाया राडावास सड़क तक 38.5 किलोमीटर में स्टेट हाईवे जाएगा। जो चौमूं से शाहपुरा तक जाएगा। 2.50 करोड़ रुपए की लागत से बगरू से रीको औद्योगिक क्षेत्र औप कुंजबिहारीपुरा तक कनेक्टिंग रोड बनाई जाएगी। 55 करोड़ रुपए की लागत से विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र और विद्याधर नगर में विभिन्न सड़कों का कार्य।

राजपुरवास ताला से शाहपुरा तहसील सीमा तक, कॉकरेल मोड भानपुर कलां सड़क से जमवारामगढ़ तक, नाभावाला से नीमला तक, मानोता से सन्नाटा घाटी चावंडिया-धामस्या तक, नकटी घाटी से दौसा तक कुल 52 किमी लंबाई में सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। बस्सी से सांभरिया तक 10 किलोमीटर लंबाई में सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में जेईसीसी की तर्ज पर कंसर्ट एंव कंवेंशन सेंटर बनाया जाएगा। सांगानेर एरिया के पुराने मंदिरों जैसे- सांगा बाबा मंदिर, त्रिपोलिया बालाजी, संघी जी जैन मंदिर को धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल किया जाएगा। 50 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य करवाए जाएंगे। झोटवाड़ा एरिया में आईटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज खोला जाएगा। सांगानेर एरिया में नया सरकारी कॉलेज और कोटखावदा में सरकारी महिला कॉलेज खोला जाएगा। जयपुर के स्वर्ण जयंती पार्क विद्याधर नगर को ऑक्सीजन जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। जयपुर के शाहपुरा में रोडवेज बस स्टेंड बनाया जाएगा। जयपुर के हरमाड़ा में नया सैटेलाइट हॉस्पिटल बनाया जाएगा। यहां नया ट्रोमा सेंटर भी खोला जाएगा। हस्तेडा (चौमूं) और बधाल (फुलेरा) में मौजूद पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत किया जाएगा।

# छ: बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 06 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णत: ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामजीपुरा तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़क, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल, पिल्लर खडे कर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़ पर ग्राम चतरपुरा, खातीपुरा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# बजट 8 करोड़ राजस्थानियों के सपनों को साकार करने वाला : डॉ अग्रवाल

**जयपुर।** राजस्थान बजट 2025-26 को भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने बजट को 8 करोड़ राजस्थानियों के सपनों को साकार करने वाला बताते हुए कहा कि यह बजट तीन लाख युवाओं को सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार देने के साथ ही ढांचागत विकास से उद्योगों के अनुकूल माहौल बनाकर निवेश से निर्माण की ओर राजस्थान को बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट समाज के सभी वर्गों की भावनाओं को और अपेक्षाओं को पूरा करता है, इसलिए इस बजट को लोककल्याण को समर्पित बजट कहा जा सकता है।

भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ अलका गुर्जर ने कहा कि इस बजट में पर्यटन स्थलों को विकसित करने की अच्छी घोषणा की है। इसके तहत प्रदेश के विभिन्न धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट में 2 लाख लखपति दीदी बनाने, 1.5 प्रतिशत पर ऋण उपलब्ध करवाने, महिलाओं की आत्मरक्षा व सुरक्षा के लिए लक्ष्मीबाई केंद्र खोलने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाकर भाजपा की महिला सशक्तिकरण की नीति को साकार किया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने कहा कि यह बजट हमारे अन्नदाता के लिए वरदान साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र में सराहनीय घोषणाएं की है।

# राज्य एवं जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार-2025 के लिए आवेदन मांगे

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने वर्ष-2025 के राज्य एवं जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि भारत भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल 2025) के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार-2025 दिए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में 15 मार्च 2025 तक डाक अथवा व्यक्तिश आवेदन जमा करवा सकता है।

# उच्च न्यायालय ने युवा की सेवा बहाली का आदेश दिया

**जयपुर।** उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण निर्णय में एक युवा की सेवा बहाली का आदेश दिया है, जिसे उसके अतीत के कारण नौकरी से निकाल दिया गया था। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने यह आदेश दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि बच्चों को उनके अतीत के बोझ से मुक्त करके एक नई शुरुआत का अवसर दिया जाना चाहिए। इस मामले में याचिकाकर्ता सुरेश कुमार ने अदालत में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें 2008 में कांस्टेबल के पद पर नियुक्त किया गया था।

हालांकि, उनकी सेवाएं उसी वर्ष समाप्त कर दी गईं, क्योंकि उन्होंने अपने खिलाफ एक आपराधिक मामले में शामिल होने की जानकारी छिपाई थी। सुरेश के वकील, सार्थक रस्तोगी और तुषार कुमार ने अदालत में तर्क दिया कि याचिकाकर्ता उस समय एक किशोर था जब उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था और उसे परिवीक्षा की सजा दी गई थी। वहीं, प्रतिवादियों की ओर से वकील देवेश कुमार बंसल और सी. पी. शर्मा ने याचिकाकर्ता के खिलाफ तर्क किया कि उसने जानबूझकर अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि को छिपाया है, जो उसकी चरित्र को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस कारण से, अधिकारियों ने उसकी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया। न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि किशोर न्याय अधिनियम के तहत, एक किशोर को उसके अतीत के अपराधों के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता को उसके अतीत के कारण भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए और उसे एक नई शुरुआत का अवसर दिया जाना चाहिए। अंतत:, न्यायालय ने याचिकाकर्ता की सेवाएं बहाल करने का आदेश दिया और सभी संबंधित लाभों के साथ उसे पुन: नियुक्त करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने यह भी कहा कि यह आदेश तीन महीने के भीतर लागू किया जाना चाहिए।

# 'बजट गांव और शहर की खाई को चौड़ा करने वाला है'

**जयपुर।** जयपुर के समान गांव में सुविधाओं के लिए मूलभूत अवसंरचना की चर्चा इस बजट में नहीं है बल्कि स्वतंत्रता के 78 वर्ष उपरांत भी भारतीय संविधान की भावना के विपरीत शहरी व्यवस्था को पोषित करने वाला है। इससे गांव से प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा नहीं वरन बढ़ेगा, जिससे गांव और शहर दोनों ही दुखी होंगे। राजस्थान में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 75.13 है। तब भी बजट में आवंटित राशि उस अनुपात में नहीं है। किसानों की आय की सुनिश्चितता एवं उनकी समृद्धि के लिए ग्राम उद्योगों की चर्चा ही नहीं है। खेत को पानी की दिशा में राजस्थान में उपलब्ध पानी के उपयोग के लिए "पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना" के लिए 9300 करोड रुपए का आवंटन ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

# 'सबकी फिक्र में खुद को मिटाती हूं...'

## बजट भाषण में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का शायराना अंदाज

**जयपुर।** 'सबकी फिक्र में खुद को मैं मिटाती हूं, हर वादा अपना दिल से निभाती हूं।' इन्हीं पंक्तियों के साथ राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने (बुधवार) बजट पेश करने की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद, महिलाओं के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर और कृषि के लिए महात्मा गांधी की भी पंक्तियां पढ़ीं।। वहीं, विपक्ष के हंगामे के बावजूद दीया कुमारी ने अपना बजट भाषण जारी रखा।

इस दौरान गोविंद सिंह डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा आपके भाषण से नाराज होकर तीन मंत्री चले गए हैं। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति की। डोटासरा बैठे तो सत्ता पक्ष के कुछ विधायक और मंत्री बोलने लगे। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने टोकाटाकी पर कहा कि एक को बैठाते हैं तो दूसरा खड़ा हो जाता है।

दीया कुमारी ने 5000 करोड़ की लागत से सड़कों के अपग्रेडेशन और मरम्मत के काम करवाने की घोषणा की। कहा कामों की बहुत लंबी सूची है। इसके बाद दीया कुमारी पन्ने पलटने लगीं। स्पीकर ने कहा कि सूची लंबी है। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के विधायकों ने एक-दूसरे पर तंज भी कसे। विपक्षी विधायकों ने कहा कि अभी तक पिछले ही काम नहीं हुए। दीया ने कहा बहुत लंबी सूची है, एक बार पेज तो पलट लूं।

युवाओं के लिए घोषणा से पहले दीया कुमारी ने स्वामी विवेकानंद की पंक्तियां पढ़ी। कहा 'युवा वही होता है, जिसके हाथों में शक्ति। पैरों में गति, दिल में ऊर्जा और आंखों में सपने होते हैं।' बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विपक्ष को युवाओं के लिए तालियां बजाने के लिए कहा। दीया कुमारी ने अगले साल 1.25 लाख भर्तियों की घोषणा की। इस दौरान सत्ता पक्ष ने मेज थपथपाकर स्वागत किया। दीया कुमारी ने विपक्ष से कहा इस पर तो ताली बजा देते। रोजगार और युवाओं का मामला है। इस पर विपक्ष हंगामा करने लगा। विपक्ष को स्पीकर ने बैठने के लिए कहा।

महिलाओं के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर की पंक्तियां बोलीं। बोलीं कि उन्होंने कहा था मैं किसी समुदाय की प्रगति महिलाओं की प्रगति के आधार पर मापता हूं। पीएम को कोट करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस पर कहा महाभारत का श्लोक सुनाया। इसका अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा-प्रजा-नागरिकों को खुश रखना। सत्य और सादगी से काम करना। ये राज्य का ध्येय होना चाहिए। कृषि बजट की घोषणा करते हुए दीया कुमारी ने महात्मा गांधी की पंक्तियां कहीं। कहा- दुनिया में ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें भूख के कारण भगवान रोटी के रूप में ही दिखाई देते हैं।

वहीं कवि गोपाल दास नीरज की पंक्तियां बोलकर विजन क्लियर किया। कहा "फूल रोकते, कांटे मुझे चलाते, मरुस्थल पहाड़, चलने की चाह बढ़ाते, सच कहता हूं, जब मुश्किलें नहीं होती हैं, मेरे पग तब चलने में भी शर्माते हैं। मेरे संग चलने लगी हवाएं जैसे, तुम पथ के कण-कण को तूफान करो, मैं तूफानों में चलने का आदी हूं, तुम मत मेरी मंजिल आसान करो।"

दिया कुमारी ने टैक्स की वकालत करते हुए महाभारत के शांति पर्व का वो श्लोक सुनाया, जहां भीष्म पितामह धर्मराज युधिष्ठिर को शिक्षा देते हुए कहते हैं कि राजा को चाहिए कि परिस्थिति और समय के अनूकूल प्रजा पर कल का बोझ न डालें। समय के अनुसार प्रजा को समझाते हुए उचित रीति से कर वसूल करें।

दीया कुमारी ने बजट भाषण पूरा करते हुए अंत में कविता सुनाई कि "जन-जन हर्षित, हर मन गर्वित, आशा का नया सवेरा आया है, हर गांव शहर और डगर-डगर विकास ध्वज लहराया है। शिक्षा शासन और सुशासन से हर पल और आगे बढ़ना है, आत्मनिर्भरता और प्रगति से स्वावलंबी राजस्थान बनाना है। पर्यावरण संरक्षण करते हुए कल्याण समाज हो पाएगा, हम सभी की भागीदारी से विकास राजस्थान का हो जाएगा।"

# राशन की दुकानों पर खुलेंगे अन्नपूर्णा भंडार

**जयपुर।** राजस्थान में एक बार फिर से उचित मूल्य की दुकानों (सरकारी राशन दुकानों) पर अन्नपूर्णा भंडार केन्द्र खुलेंगे। इन केन्द्रों पर एफएमसीजी से संबंधित तमाम रोजमर्रा की वस्तुएं (चीनी, तेल, मसाले, चावल, तेल-साबुन समेत अन्य सामाग्री) मिलेगी।

ये योजना अभी प्रदेश की 5 हजार राशन की दुकानों पर शुरू करने की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समय इस योजना की शुरुआत की गई थी। तब जयपुर समेत प्रदेश के तमाम शहरों में राशन की दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोले गए थे। इन भंडार केन्द्रों पर परचूनी की दुकानों से संबंधित तमाम सामान उपलब्ध करवाया गया।

इसके खुलने से न केवल राशन डीलरों की आय में बढ़ोतरी हुई, बल्कि ग्रामीण और दूर-दराज के एरिया जहां किराने का सामान लेने के लिए लोगों को दूर एरिया में जाना पड़ता था उनको फायदा हुआ। अब भजनलाल सरकार ने वसुंधरा सरकार की इस योजना को दोबारा से शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत प्रदेश में 5 हजार राशन की दुकानों पर इस साल अन्नपूर्णा भंडार खोलने की घोषणा की है।

साल 2018 में वसुंधरा सरकार का कार्यकाल पूरा होने और गहलोत सरकार के सत्ता में आने के साथ ही इस योजना को बंद कर दिया गया। इसके बाद गहलोत सरकार ने आमजन को राशन दुकानों पर गेहूं के साथ-साथ राशन का किट फ्री देने की योजना शुरू की। इसमें खाद्य तेल, मसालों के अलावा अन्य चीजों के पैकेट थे, लेकिन ये योजना भी सरकार ने अपने कार्यकाल के आखिरी साल में शुरू की, जो चुनाव के बाद बंद हो गई।

# विकसित राजस्थान के संकल्प को मूर्तरूप देने वाला ऐतिहासिक बजट : अविनाश गहलोत

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने राज्य सरकार के बजट-2025 पर प्रतिक्रया देते हुए इसे विकासोन्मुखी और समावेशी विकास का आधार बताते हुए ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में यह बजट बड़ा कदम साबित होगा।

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट 'आपणों अग्रणी राजस्थान' के संकल्प को साकार करने वाला है। समाज के हर वर्ग के कल्याण की मंशा के साथ लाये गए इस बजट में सहकारिता सेक्टर को सुदृढ़ बनाने का खाका भी पेश किया गया है।

ग्रेटर नगर निगम के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने राजस्थान सरकार के बजट 2025-26 को प्रदेश के विकास और समृद्धि के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल प्रदेश की आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा, बल्कि युवाओं, महिलाओं और किसानों के सशक्तीकरण को भी प्रोत्साहित करेगा।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेशवासियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा बुधवार को प्रस्तुत राज्य बजट हमारी प्रतिबद्धता को परिलक्षित करता है। समावेशी बजट से हर वर्ग का सामाजिक और आर्थिक विकास सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि बजट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भागीरथी प्रयासों से शुरू पूर्वी राजस्थान के लिए जीवनदायिनी राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी) को लेकर बड़ी घोषणाएं की हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार ने कार्य प्रारंभ कर दिए हैं।

- बजट घोषणाओं से मजबूत होगा सहकारिता सेक्टर : दक
- पूर्वी राजस्थान के लिए जीवनदायिनी बन रही है राम जल सेतु परियोजना : रावत

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि विधानसभा में बुधवार को प्रस्तुत राज्य बजट मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में सर्वजन हिताय के प्रति राज्य सरकार की कटिबद्धता को परिलक्षित करता है। उन्होंने कहा कि बजट में प्रदेश के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। बजट घोषणाओं से स्पष्ट है कि बीते करीब एक साल में राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प की क्रियान्विति में मजबूती से आगे बढ़ी है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी विजन के साथ पेश किया गया प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा। हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के विकास को समर्पित यह बजट हम सबकी उम्मीदों और आशाओं को फलीभूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई अभूतपूर्व बजट घोषणाओं से आयुष्मान राजस्थान का संकल्प सच्चे अर्थों में साकार होगा।

खींवसर ने कहा कि आमजन को नि:शुल्क दवा एवं जांच की उपलब्धता के लिए 3500 करोड़ रूपए के मा-कोष का गठन, टर्शियरी स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए 1300 करोड़ रूपए का प्रावधान, 50 करोड़ की राशि से फिट राजस्थान अभियान का संचालन, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत दूसरे राज्यों में उपचार के लिए इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू करने, हर जिला अस्पताल में डायबिटिक क्लीनिक खोलने तथा चिकित्सकों के 750 एवं पैरामेडिकल के 1500 नवीन पदों का सृजन करने जैसी घोषणाओं से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन से आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाएं मिल सकेंगी और हम निरामय राजस्थान की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार का बजट 2025-26 अंत्योदय और सर्वसमावेशी विकास पर केंद्रित नए राजस्थान का नया बजट है। यह बजट न केवल राज्य की आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। यह बजट किसानों के लिए समृद्धि, युवाओं के लिए रोजगार, महिलाओं के लिए सशक्तिकरण एवं गरीबों के लिए कल्याण का वाहक बनेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बिजली पानी सड़क शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ ही इस बजट में आमजन को राहत प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान बजट 2025-26 को जन आकांक्षाओं के अनुरूप बताते हुए कहा कि यह बजट शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री सुश्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए कहा कि इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बालिका शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## सार-समाचार

### भ्रमित करने वाला बजट : खंडेलवाल



**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव और जयपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रहे गिरिराज खंडेलवाल ने राज्य के बजट को भ्रमित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि भजन लाल शर्मा सरकार सिर्फ आंकड़ेबाजी कर रही है। बजट से आम जनता में निराशा का माहौल है। वित्त मंत्री जो कि जयपुर शहर की विधायक हैं, से उम्मीद थी कि वो जयपुर को कोई बड़ी सौगात देंगी। इसकी जगह उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों की घोषणाओं को ही नए रंग-रूप के साथ पेशकर जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। जयपुर के लिए कोई ठोस योजना को बजट में धरातल पर लाने की कोशिश नहीं की गई है। वित्त मंत्री इसके स्थान पर बजट भाषण में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को ही कोसती दिखाई दीं।

### बजट की घोषणाओं का स्वागत किया



**जयपुर।** सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड अरुण मिश्रा ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी से अगस्त में उत्पादन शुरू होना और 60 करोड़ की लागत से जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर माइंस एंड मिरनल, उदयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ माइंस और जोधपुर की एमवीएम यूनिवर्सिटी में पेट्रो कैंपस खुलने की घोषणा राजस्थान के विकास के लिए वरदान साबित होगी।

### 'बजट में समावेशी विकास का रोडमैप'



**जयपुर।** राजस्थान बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन एवं कजारिया सेरामिक्स लिमिटेड के सीएमडी, अशोक कजारिया ने कहा कि यह बजट प्रभावी रूप से केंद्रीय बजट का पूरक है और राजस्थान के सतत तथा समावेशी विकास के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने तथा खिलौना, स्टोन, सिरेमिक, फार्मा और टेक्सटाइल पार्क की घोषणा से चिन्हित सेक्टर्स में निवेश को दिशा देने में मदद मिलेगी। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पॉलिसी और राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी से राज्य में नीतिगत ढांचा अधिक मजबूत होगा।

### 'संस्कृत को ज्यादा कुछ नहीं मिला'

**जयपुर।** राजस्थान संस्कृत विद्यालय में शिक्षक संघ के सचिव शास्त्री कौशलेंद्र दास ने कहा कि बजट में ऋग्वेद और महाभारत के श्लोक तो पढ़े गए, पर संस्कृत को ज्यादा कुछ नहीं मिला। विद्यालय और महाविद्यालयों को केवल क्रमोन्नत किया, परंतु उन्हें मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट नहीं दिया गया। पीपीपी मोड पर चल रहे वेद विद्यालयों के वेदाध्यापकों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया। हालांकि, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में वैदिक गुरुकुल और वैदिक पर्यटन केंद्रों की स्थापना सकारात्मक कदम है।

### सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ताओं को कुछ नही दिया : धाभाई

**जयपुर।** जयपुर के दो बार राष्ट्रपति से सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रवि शंकर धाभाई ने संवाददाता से बजट की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे गए सवाल में जवाब दिया कि बुधवार को उप मुख्यमंत्री के बजट की घोषणा में राजस्थान के प्रदेश से करीबन 30 सालों में राजस्थान का नाम पूरे देश मे नाम रोशन करने वाले राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवियो के लिए किसी भी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नही की गई। प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के 58 राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों में काफी रोष व आक्रोश व्याप्त है क्योंकि सभी को इस बजट मे राज्य सरकार से काफी आशाएं थी।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : चंदेला



**जयपुर।** एफएचटीआर के अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला ने कहा कि पर्यटन विकास के लिए 975 करोड़ रुपये की एक बहुत बड़ी राशि आवंटित की गई है, जिससे इस सेक्टर को काफी प्रोत्साहन मिलेगा। रात्रि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी 100 करोड़ रुपए की घोषणा की गई है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए धार्मिक पर्यटन केंद्रों का विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, राज्य को ऐसे बड़े आयोजनों का केन्द्र बनाने के लिए आईफा और राजस्थान कॉलिंग जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जो पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होंगे और विश्वभर से पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।

### जन कल्याणकारी बजट : ऋषि अग्रवाल




**जयपुर।** कृभको में राज्य लेखा प्रमुख के पद पर कार्यरत सीए ऋषि अग्रवाल ने राजस्थान बजट को खुशहाल राजस्थान का बजट बताया। उन्होंने बताया कि राजस्थान बजट 2025 में राज्य में बेहतर परिवहन सुविधाओं और आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण घोषनाये की गई है। बजट में जयपुर मेट्रो के अगले फेज के विस्तार की योजना पेश की गई है, जिससे शहर की यातायात सुविधा में सुधार होगा साथ ही राज्य में अटल ज्ञान केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई है, जो शिक्षा और तकनीकी विकास को बढ़ावा देंगे ।ये घोषणाएं निकट भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगी साथ ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### लघु उद्योग भारती ने बजट को सराहा

**जयपुर ।** लघु उद्योग भारती राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ ने राजस्थान सरकार की रिप्स-2024 में इंडस्ट्रीज एक्सपेंशन पर लाभ देने की घोषणा का स्वागत किया है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण जाजोदिया ने कृषि क्षेत्र में उठाए गए सरकार के महत्वपूर्ण कदमों की सराहना की। उन्होंने 50 हजार नए कृषि कनेक्शन देने और 3.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम के लिए 1250 करोड़ रुपए के अनुदान के लिए भी भजनलाल सरकार को कृषि हितैषी बताया।

### ग्रीन थीम बजट राजस्थान के लिये विकासोन्मुखी : राजू मंगोड़ीवाला




**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का दूसरा पूर्ण बजट महिला,युवा,किसान,बुजुर्गों सहित आमजन के हित में लिये गये जनहित के निर्णय वाला रहा।भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व जयपुर ज्वेलर्स एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट राजू मंगोड़ीवाला ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान की सफलता के बाद यह पहला ग्रीन थीम बजट है, जो रिन्यूएबल एनर्जी, रूरल डेवलपमेंट और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर केंद्रित है।

### विकसित राजस्थान के सपने को साकार करेगा बजट : विकास ओझा



**जयपुर।** रविकाश फाइनेंशियल के डायरेक्टर विकास ओझा ने राजस्थान सरकार के वर्ष 2025 - 26 के सालाना बजट में समाज के सभी वर्गों के कल्याण की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और सभी क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। इससे प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक, कृषि, औद्योगिक विकास और आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी।

### आम आदमी होगा लाभान्वित : अग्रवाल



**जयपुर।** डॉ.एस.एस.अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान का बजट ओवरऑल विकासोन्मुखी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी, बिजली, सड़क, कानून व्यवस्था, साइबर क्राइम की रोकथाम जैसी आधारभूत सुविधाओं पर बजट में विशेष ध्यान देने से यह बजट आम आदमी का हितेषी साबित होगा बजट में संभाग और जिला स्तर पर चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता से आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी चिकित्सा सुविधाओं में बढ़ोतरी से जिला स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध होंगे।